तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 पांच दशकों से जीवंत है दुर्गा उत्सव की परंपरा लोक संस्कृति ...



12 नवागढ़ में श्रीराम की लीला के बाद गूंजा जय...



खबर संक्षेप

सुंदर नगर में मकान का टूटा ताला

भिलाई। मकान में ताला जड़कर कन्या भोज कराने गई महिला के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर वार्ड 57 दुर्ग निवासी लोकेश्वरी शर्मा 18 अक्टूबर की शाम दीदी मधु बाई के यहां कैलाश नगर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान मकान में ताला जड़कर गई हुई थी। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने फोन काल कर मकान में चोरी होने की सूचना दी। मकान के मेन गेट का ताला खुला पड़ा मिला। ताला खुला होने पर संदेह हुआ तब मकान में प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ट्राली बैग मे रखे सोना चांदी के जेवरात, बैग मे रखे 10 हजार 500 रूपये नगदी और दो सिलिंग फैन समेत घरेलू सामान भी गायब मिला। जिसकी कुल कीमत 55 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

रात में लगने लगी ठंड, पारा 20 डिग्री के आसपास पहुंचा

दुर्ग। ट्विनसिटी में रात का तापमान गिरने लगा है। पारा 20 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मंगलवार को रात का तापमान 20.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उत्तरी हवा का असर शुरू हो गया है। हवा में नमी ज्यादा थी, इसलिए ठंडी हवा के असर से रात में ठंड महसूस की जा रही है।

बाइक की ठोकर से सब्जी बेचने वाले की हुई मौत

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक ने सब्जी बेचने वाले को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सब्जी बेचने वाले की मौत हो गई। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि 32 बंगला चौक के पास 18 अक्टूबर की रात तेज रफ्तार पल्सर बाइक की टक्कर से सब्जी बेचने वाले बसंत की मौत हो गई। हादसे में उनके दो दोस्त विनोद सागर, राजेंद्र ध्रुव घायल हो गए। टक्कर मारने वाला पल्सर सवार भी घटना में चोटिल हुआ। सभी घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बसंत की मौत हो गई। बसंत अपने दोस्त विनोद ,राजेंद्र ध्रुव के साथ सीजी 07 एलबी 9389) से घर लौट रहे थे। तभी पल्सर बाइक (सीजी 07 बीएल 3209) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

ठेकेदार के ऊपर गिरा गर्म लोहा, मौत

भिलाई। रसमड़ा स्थित प्लांट में हादसे की चपेट में आने से ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रसमड़ा के फैक्ट्री की है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि बोरई-रसमड़ा स्थित जेडी स्टील प्लांट में 17 अक्टूबर की रात मशीन से निकला 1500 से 1600 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला पिघला लोहा अचानक ठेकेदार ग्राम निवासी श्यामपुर, थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव के ऊपर गिर गया। ठेकेदार संतोष गंभीर रुप से झुलस गए। उपचार के लिए उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया, जहां ठेकेदार ने दम तोड़ दिया। हादसे से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आग की लपटों से घिरा व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे की ओर भागता दिखाई देता है। आसपास मौजूद लोग उसे बचाने की कोशिश करते नजर आते हैं। संतोष कुमार श्रीवास्तव स्टील प्लांट में ठेकेदारी का काम करते थे। टिंडिस मशीन के एक हिस्सा का नोजल नीचे आ गया। तभी मशीन से निकलने वाला पिघला लोहा ठेकादर के शरीर पर गिर गया। 18 अक्टूबर को पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को बिहार ले गए। वीडियो में घटनास्थल पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति दिखाई देती है। एएसपी शोभराज अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अंजोरा चौकी में मर्ग दर्ज किया है।

43 साल से जिया में निभाई जा रही रामलीला की परंपरा, 30 फीट के रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विजयादशमी पर ग्राम जिया में 43 वर्षों से चली आ रही रामलीला मंचन और रावण दहन की परंपरा इस वर्ष भी उत्साह के साथ निभाई गई। ग्रामीण युवाओं ने निस्वार्थ भाव से 30 फीट ऊंचे रावण का पुतला तैयार किया और विधिवत दहन किया।

गांव के बच्चे, युवा और बुजुर्ग मिलकर इस सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जा रहा है। ग्राम में व्यास देव के रूप में राजकुमार वर्मा के सतत प्रयासों से बच्चों को रामलीला का मंचन सिखाया जाता है। इससे उनमें नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों का विकास हो रहा है। रामायण समिति के अध्यक्ष साहाराम वर्मा सहित उज्ज्वल वर्मा, शिवकुमार साहू, राधे साहू, संतु साहू, चंद्रहास साहू, शिवकुमार विश्वकर्मा और भुवन चौहान आयोजन में लगातार सहयोग प्रदान करते हैं।

रामलीला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भूमिका दयाराम साहू, लक्ष्मण की भूमिका तामेश्वर पाल, हनुमान की भूमिका प्रकाश विश्वकर्मा और लंकापति रावण की भूमिका संदीप तिवारी ने निभाई। वहीं विभीषण की भूमिका राजेंद्र वर्मा ने निभाई। आशीष वर्मा, दीपेश वर्मा, गीतांशु वर्मा, रोशन वर्मा और आकृत साहू सहित अन्य कलाकारों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक जुटे आयोजन को आगे बढ़ाने में आसपास के गांवों से भी उमड़े लोग



धर्म की अधर्म पर विजय का पर्व मनाया

रावण का पुतला तैयार करने में उतरा वर्मा, सनत वर्मा, भोजेन्द वर्मा, आत्मा वर्मा, मनोज वर्मा, किशुन यादव (कोंदा), दिनेश वर्मा और टेकन वर्मा ने विशेष सहयोग दिया। आयोजन में ग्राम जिया के अलावा बहिंगा, करही, जेवरा, पथर्रा, डोकला, ताला और अर्जुनी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रामलीला मंचन और रावण दहन के माध्यम से ग्रामीणों ने धर्म की अधर्म पर विजय का पर्व मनाया। साथ ही बच्चों और युवाओं को बुराइयों से दूर रहकर सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

वन मंत्री केदार कश्यप को तस्वीरों के साथ शिकायत भेजकर की वैज्ञानिक जांच की मांग

उद्योग के धुएं से गिधवा-परसदा पक्षी विहार पर संकट प्रवासी पक्षियों के आशियाने पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के प्रथम पक्षी विहार गिधवा-परसदा में हर साल हजारों की संख्या में पहुंचने वाले प्रवासी पक्षियों के संरक्षण पर अब प्रदूषण का खतरा मंडराने की आशंका जताई जा रही है। ग्राम मुड़पार में शुरू हुए इस्पात उद्योग से निकलने वाले काले धुएं की तस्वीरें सामने आने के बाद पक्षी विहार के भविष्य और आसपास के पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ गई है। उद्योग से निकलने वाले धुएं का प्रवासी पक्षियों, उनके भोजन, जलस्रोतों और प्राकृतिक आवास पर कितना असर पड़ सकता है, इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम बेलटुकरी निवासी रोशन वर्मा ने प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखकर तस्वीरों सहित शिकायत भेजी है। उन्होंने उद्योग से निकलने वाले धुएं की जांच के साथ ही पक्षियों पर उसके संभावित प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन कराने की मांग की है। गिधवा-परसदा पक्षी विहार केवल बेमेतरा जिले की प्राकृतिक पहचान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ में पक्षी संरक्षण के लिहाज ▶▶| शेष पेज 11 पर

- 5 से 10 किमी के दायरे में भोजन तलाशते हैं प्रवासी पक्षी, आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों में भी प्रदूषण को लेकर चिंता





भोजन और पानी पर असर पड़ा तो बदल सकता है पक्षियों का ठिकाना

प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण, पर्याप्त भोजन, स्वच्छ जल और सुरक्षित ठहराव बेहद जरूरी है। यदि किसी क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ता है या जलस्रोतों और आसपास के पर्यावरण की गुणवत्ता प्रभावित होती है, तो इसका असर पक्षियों के व्यवहार और उनके आवागमन पर पड़ सकता है। इसी आशंका को लेकर रोशन वर्मा ने उद्योग के धुएं की जांच और पक्षियों पर उसके संभावित दुष्प्रभावों का विशेषज्ञों से आकलन कराने की मांग की है। उनका कहना है कि ▶▶| शेष पेज 11 पर

एक दर्जन से अधिक गांवों में भी चिंता

रोशन वर्मा के अनुसार, मुड़पार के आसपास स्थित एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों में भी इस्पात उद्योग को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों को आशंका है कि उद्योग से निकलने वाला धुआं केवल पक्षियों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव आसपास के खेतों, पशुओं और लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई जा रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि उद्योग से निकलने वाले धुएं और उसके पर्यावरणीय प्रभावों की समय रहते जांच नहीं कराई गई, तो भविष्य में समस्या गंभीर रूप ले सकती है। लोगों ▶▶| शेष पेज 11 पर

विकास के विरोध में नहीं, पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो औद्योगीकरण

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे उद्योग और विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास की प्रक्रिया में प्राकृतिक धरोहरों और जैव विविधता की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। गिधवा-परसदा पक्षी विहार वर्षों के प्रयासों से विकसित हुई ऐसी पहचान है, जहां प्रवासी पक्षियों का आगमन क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में इसके आसपास होने वाली औद्योगिक गतिविधियों पर पर्यावरणीय निगरानी और मानकों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है।

वन मंत्री को पत्र, चार प्रमुख मांगें रखीं

रोशन वर्मा ने वन मंत्री केदार कश्यप को भेजे पत्र में मामले की गंभीरता को देखते हुए चार प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने मुड़पार इस्पात उद्योग से निकलने वाले धुएं की तत्काल जांच कराने, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से क्षेत्र की वायु और जल गुणवत्ता की रिपोर्ट लेने तथा पक्षी विहार के आसपास प्रवासी पक्षियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का विशेषज्ञों से अध्ययन कराने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने पक्षियों के अनुकूल प्राकृतिक वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है कि पक्षी विहार के आसपास होने वाली औद्योगिक गतिविधियों का पर्यावरणीय आकलन जरूरी है। यदि किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव सामने आता है, तो उसे दूर करने के लिए समय रहते कदम उठाए जाने चाहिए।

दशहरा देखकर लौट रहे 40 से अधिक ग्रामीणों से भरा ट्रैक्टर हादसे का शिकार, 16 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने का चलन ग्रामीण अंचलों में लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। नवागढ़ में दशहरा उत्सव देखकर घर लौट रहे 40 से अधिक लोगों से भरा ट्रैक्टर मंगलवार रात हादसे का शिकार हो गया। गंगापुर से साल्हेघोरी मार्ग पर नवागढ़ थाना क्षेत्र के साल्हेघोरी के पास रात करीब 8 बजे हुई इस घटना में 16 लोगों के घायल होने की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ की सूची से सामने आई है। घायलों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग भी शामिल हैं। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ पहुंचाया गया।

सात घायलों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया मिली जानकारी के अनुसार, तीन घायलों को जिला अस्पताल बेमेतरा और चार को निजी अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, नौ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजे जाने की खबर है। इस तरह अस्पताल की में कुल 16 घायलों के नाम दर्ज हैं।

मालवाहक में सवारी बैठाने से सुरक्षा पर सवाल

मालवाहक वाहनों का मूल उपयोग सामान के परिवहन के लिए होता है। इसके बावजूद कई ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे वाहनों से लोगों को भी लाने-ले जाने के मामले सामने आते हैं। ट्रैक्टर में 40 से अधिक लोगों के सवार होने की जानकारी के बीच इस घटना ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई है। ग्रामीण नवागढ़ में दशहरा देखकर गांगपुर लौट रहे थे। ट्रैक्टर किन परिस्थितियों में हादसे का शिकार हुआ, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस की जांच और आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद ही दुर्घटना के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

अवैध लाल ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की मांग, फ्लाई ऐश ब्रिक्स संचालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक में संचालित अवैध लाल ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करने और सभी शासकीय निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स का उपयोग सुनिश्चित करने की मांग को लेकर फ्लाई ऐश ब्रिक्स संचालकों ने जिला कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा है। संचालकों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लाल ईंटों का अवैध निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से फ्लाई ऐश ब्रिक्स उद्योग से जुड़े संचालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बेरला ब्लॉक के ग्राम कुसमी, भीभौरी, खर्रा, सिवार, बारगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लाल ईंटों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए नदी और अन्य क्षेत्रों से मिट्टी निकाली जाती है। वहीं, ईंटों को पकाने के लिए पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों का उपयोग किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। संचालकों के अनुसार, इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पीएम आवास में लाल ईंटों के उपयोग पर आपत्ति

संचालकों ने ज्ञापन में कहा है कि शासन द्वारा फ्लाई ऐश ब्रिक्स के उपयोग को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग नजर आ रही है। बेरला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में भी बड़ी मात्रा में लाल ईंटों का उपयोग किए जाने का आरोप लगाया गया है। संचालकों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने जिला प्रशासन से अवैध लाल ईंट भट्ठों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा शासकीय निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स के उपयोग को प्राथमिकता देने की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स संगठन के संचालक कमल कृष्णा देवांगन, शेषनारायण साहू, रिजवान खान, आशीष वैष्णव, राकेश पटेल, मनीष साहू सहित अन्य संचालक शामिल थे।

सहसपुर में चार जुआरी गिरफ्तार 26,650 रुपए का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम सहसपुर में छोटे तालाब के पास बरगद के पेड़ के नीचे सार्वजनिक स्थान पर रुपये-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों को देवकर पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 5,650 रुपये नगद, तीन मोबाइल फोन, जिनकी कीमत करीब 21 हजार रुपये बताई गई है, तथा 52 पत्ती ताश जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 26,650 रुपये आंकी गई है। मामले में चारों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 अक्टूबर 2026 को चौकी देवकर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सहसपुर में छोटे तालाब के पास बरगद के पेड़ के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश ▶▶| शेष पेज 11 पर


- नगदी 5,650 रुपये और तीन मोबाइल जब्त, देवकर पुलिस ने जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत की कार्रवाई

बस स्टैंड पर धारदार हथियार लहराकर राहगीरों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नांदघाट बस स्टैंड के पास धारदार हथियार लहराकर राहगीरों में भय का माहौल पैदा करने वाले 20 वर्षीय युवक को नांदघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे का एक धारदार एवं आरीदार हथियार जब्त किया है।

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर को नांदघाट पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम नांदघाट बस स्टैंड के पास एक युवक धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान देवप्रकाश बार्गो उर्फ जेठिया (20 वर्ष), पिता सालिक बार्गो, निवासी ग्राम खपरी नंबर-1, थाना नांदघाट, जिला बेमेतरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से ▶▶| शेष पेज 11 पर



- आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार और आरीदार हथियार जब्त, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

एसपी त्रिलोक बंसल ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

पुलिस स्मृति दिवस पर 154 शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश की सुरक्षा, शांति और नागरिकों की रक्षा करते हुए कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर पुलिस जवानों को 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रथम वाहिनी, भिलाई परिसर स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा त्रिलोक बंसल ने पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया।

इस दौरान उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। समारोह में एक सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिस जवानों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। शहीदों के बलिदान को देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक बताया गया। एसपी बंसल ने कहा कि देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवान सदैव पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनका साहस, त्याग और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को समर्पण और ईमानदारी से दायित्व निभाने की प्रेरणा देती रहेगी।

परिजनों से मिलकर जाना हालचाल

पुलिस स्मृति दिवस पर एसपी त्रिलोक बंसल ने शहीद जवानों के परिजनों से आत्मीय संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने परिजनों की भावनाओं, समस्याओं और आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से सुना। इस अवसर पर शहीद जवानों के शौर्य और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।



10 जवानों के बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है दिवस

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को भारत-चीन सीमा पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में गश्त के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवानों ने चीनी सैनिकों से मुकाबला करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्हीं वीर जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन सभी पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

विजयाशमी पर नीलकंठ के दर्शन की परंपरा पड़ी फीकी, कांक्रीट के जंगल में कहीं खो गया पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नीलकंठ तुम नीले रहियो, दूध भात का भोजन करियो
हमरी बात राम से कहियो, जग के भाग को बनाए रहियो।

कांक्रीट के बढ़ते जंगल और आधुनिकता की सुनामी में खूबसूरत नीलकंठ पक्षी अब विलुप्तप्राय होते जा रहे हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाले दशहरा पर्व पर देवों के देव महादेव और सौभाग्य के प्रतीक इस पुण्य पखेरु का दर्शन शुभ माना जाता है। पंडितों और पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक बदलते परिवेश के कारण भिलाई दुर्ग ही नहीं बल्कि देश के शहरी क्षेत्रों के आसपास से धीरे धीरे नीलकंठ सहित कई पक्षी और विलुप्त होते जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हिंदू संस्कृति में विजयादशमी त्योहार पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन करने की परंपरा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की लोकपरिपाटियां छीजती जा रही हैं। दो तीन दशक पूर्व तक लोग परिवार के साथ रावण दहन के पूर्व आउटर इलाके में खेत खार नीलकंठ को देखने जाते थे। धार्मिक मान्यता है कि नीले रंग का यह सुंदर पक्षी भगवान शिव का रुप है। इसका दर्शन करना सौभाग्य की बात होती है। लेकिन धीरे धीरे इस परंपरा की तरह यह शुभाकांक्षी पक्षी भी अब बहुत कम दिखाई देता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार महादेव के प्रतीक माने जाने वाले नीलकंठ का पुण्य प्रसंग विजयादशमी व भगवान राम से जुड़ा हुआ है। पं. त्रिलोक मिश्रा बताते हैं कि देव दानव युद्ध के दौरान हुए समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शंकर के पी लेने से उनका कंठ नीला हो जाने से नाम नीलकंठ पड़ा। भगवान राम ने भी रावण वध के पूर्व जब आराधना की तो उन्हें नीलकंठ के रुप में महादेव के दर्शन हुए थे। इस कारण दशहरा पर नीलकंठ का दर्शन शुभ माना जाता है। कोहका निवासी 84 वर्षीय शतदचंद्र दुबे बताते हैं कि अब कुछ साल पूर्व तक कोहका के आगे से जेवरा सिरसा फैले पेड़ों में नीलकंठ सहजता से दिख जाते थे। लेकिन अब विजयादशमी पर एक दूसरे को सोनपत्ता भेंटकर शुभकामनाएं तक यह परंपरा सिमट कर रह गई है।

दशहरा पर देवों के देव महादेव और सौभाग्य का माना गया है प्रतीक



विषाक्त रसायनों व पर्यावरण सिमटने से विलुप्तप्राय

अन्य क्षेत्रों की तरह ट्विनसिटी और इसके आसपास भी नीलकंठ पक्षी के विलुप्तप्राय होने की वजह पर्यावरणीय संकट और फसलों में पेस्टीसाइट व रासायनिक खादों का बढ़ता उपयोग है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनक जैन बताते हैं कि अनाज की उपज बढ़ाने व कीटों से मुक्त करने के लिए केमिकलयुक्त खादों व दवाइयों का उपयोग पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। नीलकंठ, गिद्ध व गौरैया आदि कई पक्षी खेतों में जब दाना चुकते हैं तो वे किडनी की बीमारी के शिकार होकर मर जाते हैं। यही वजह है कि कुछ दिनों पूर्व तक घर की छत व आंगन में दिखाई देने वाली गौरैया चिड़िया अब कम दिखाई देती है। इसी तरह जंगलों और आसपास पेड़ों के कम होने से भी परिंदों को रहवास नही मिलने से उनकी संख्या बहुत कम होती जा रही है। भिलाई दुर्ग में कुछ साल पूर्व तक जहां कभी सघन पेड़ थे अब कालोनियां बढ़ रही हैं। परिंदों को बचाने अधिकाधिक पौधे लगाने की जरुरत है।

खबर संक्षेप



शेयर होल्डरों को मिलेगा 5 प्रतिशत लाभांश, मंत्री को कराया अवगत

दुर्ग। जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख समिति का प्रतिनिधि मंडल मंत्री गजेंद्र यादव से मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष रऊफ कुरैशी, ऋण समिति के प्रभारी बहादुर अली थारानी, प्रबंधक सुरेश कुमार सोनी ने गंजपारा दुर्ग स्थित कार्यालय में मंत्री गजेंद्र यादव को समिति से जुड़ी जानकारी दी। संस्था की ओर से प्रकाशित वार्षिक विवरणी के एक प्रति भेट कर सभी धर्म व वर्ग के समाज के निचले स्तर पर फुटकर व्यवसाय करने वालों को सहकारिता के माध्यम से बचत की भावना पैदा कर सहूलियत के आधार पर संस्था के नियमानुसार ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से स्वालंबी बनाने का पुनीत कार्य कर,तथा हर वर्ष अंशधारकों को 5% प्रतिशत लाभांश देने एवं संस्था कोअ वर्ग में निरंतर आडिट प्राप्त होने की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था ने मंत्री गजेंद्र यादव को सम्मानित भी किया।

राज्य अलंकरण हेतु आवेदन पत्र

दुर्ग। राज्योत्सव 2026 के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों राज्य अलंकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

सेक्टर-4 को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई, कहा सीपीएफ जीवन का सबसे बड़ा सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले बीएसपी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-4 के सदस्यों को ससम्मान विदाई दी गई। इस विदाई समारोह में सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने सेवानिवृत्त हुए सदस्यों को सम्मानित किया और उन्हें उनके अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि सोसाइटी की सेवाओं के प्रति हमारे सदस्यों की भावनाएं ही हमारे लिए सबसे बड़ा प्रमाण है। आयोजन में उपस्थित सदस्यों ने सोसाइटी के साथ अपने लंबे अनुभवों और कार्यप्रणाली की खुलकर प्रशंसा की। समारोह के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-वन विभाग से सेवानिवृत्त सुशील कुमार गेडाम ने कहा कि चूंकि वे मशीन शॉप-1 में कार्यरत थे और यह सोसाइटी मशीन शॉप-1 की ही देन है, इसलिए सोसाइटी में आने पर ऐसा महसूस होता है जैसे वे अपने ही घर में आए हों।

जल प्रबंधन विभाग से सेवानिवृत्त जी. चक्रधर ने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी का परफॉर्मेंस हमेशा से बहुत अच्छा रहा है। आमसभा हो, लाभांश वितरण हो या सोसाइटी से संबंधित कोई भी कार्य हो, सूचनाएं हमेशा समय पर मिलती हैं।

सदस्यों ने साझा किए अपने संस्मरण





लोन लेने में नहीं आई परेशानी

फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से अविनाश कुमार खरालकर ने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी से बेहतर कोई दूसरी सोसाइटी नहीं है। उन्होंने अपने कई मित्रों को भी इस सोसाइटी से जोड़ा था और यहां ऋण लेने के लिए कभी भी अतिरिक्त खर्च या भागदौड़ नहीं करनी पड़ती। जनरल एस्टेब्लिशमेंट विभाग से सेवानिवृत्त लक्ष्मी चंद्र गुप्ता ने कहा कि सीपीएफ लोन के बाद किसी भी अन्य कार्य के लिए उन्हें केवल सोसाइटी से ही ऋण के रूप में आर्थिक सहयोग मिला। वायर रॉड मिल से सेवानिवृत्त अनुपमा कुमारी ने बताया कि जनरल शिफ्ट की ड्यूटी के बाद वे अंतिम समय में सोसाइटी आती थीं और उनके सभी कार्य तुरंत हो जाते थे। रिफ्रैक्ट्री मटेरियल प्लांट-वन विभाग से सेवानिवृत्त अशोक कुमार हिरवानी ने कहा कि पहले वेतन कम होने के कारण लोगों को ऋण की बहुत आवश्यकता पड़ती थी। ऐसे में सीपीएफ लोन के बाद केवल यही सोसाइटी एकमात्र सहारा बचती थी, जो हर सुख-दुख में हमेशा काम आई।

सेवानिवृत्त कर्मियों को किया गया सम्मानित, अनुभव किए साझा

विदाई समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले अन्य कर्मी भी शामिल रहे। इनमें मेडिकल विभाग से जितेन्द्र कुमार चावड़ा, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से हेमचंद कुर्रे, विजय भानु और शिव कुमार वर्मा, एआर शॉप से एल. सूर्यनारायण, आरएमपी-I से अशोक कुमार हिरवानी और एम. आदिनारायण, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से राहुल सोनकामले, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से ओम प्रकाश श्रीवास्तव, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से रामधार, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गनाइजेशन से कोमल प्रसाद साहू, जल प्रबंधन विभाग से जी. चक्रधर, ब्लास्ट फर्नेस से उमाशंकर पैकरा, रिफैक्ट्रीज मटेरियल प्लांट-3 से दौलत राम मार्को, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-I से तोमन लाल वर्मा, कांति लाल सिन्हा और सुशील कुमार गेडम, एचआरडीसी से शिव राजन, वायर रॉड मिल से अनुपमा कुमारी, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से लक्ष्मी चंद्र गुप्ता, टीएसडी से राजेश कुमार शर्मा और सिंटर प्लांट-3 से अर्जुन सिंह भेड़िया शामिल हैं। इस अवसर पर असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण ठाकुर और नितिशा साहू सहित अन्य उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक वेद प्रकाश सूर्यवंशी और आभार प्रदर्शन संचालक पुरुषोत्तम सिंह कंवर ने किया।

कलेक्टर के निर्देश बेअसर, बिना अनुमति विदेश यात्रा के मामले में शिक्षक दंपती पर कार्रवाई नहीं

तीन बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के एक शिक्षक दंपती की बगैर अनुमति विदेश यात्रा का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गनियारी के व्याख्याता नौशाद खान और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तकियापारा दुर्ग की व्याख्याता महलका बेबी राना की ने बिना शिक्षा विभाग की अनुमति विदेश यात्रा की। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश इस मामले की जांच के निर्देश जिला शिक्षा विभाग को दिए हैं। विभाग ने इस शिक्षक दंपती को केवल नोटिस भेजकर खानापूर्ति कर ली लेकिन कार्रवाई नहीं की। अब फिर से संभागयुक्त को जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

शिकायत में शिक्षक दंपती ने नोटिस का यह दिया जवाब

शिकायत के अनुसार, शिक्षक दंपती ने वर्ष 2022 में विदेश यात्रा की थी। इस मामले की शिकायत वर्ष 2024-25 में टीएल बैठक के दौरान सामने आने के बाद 18 फरवरी 2025 को दोनों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। जवाब में शिक्षक दंपती ने वर्ष 2012 में मिली अनुमति का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने अर्जित अवकाश स्वीकृत कराकर विदेश यात्रा की थी।

मामले में अनुमति को लेकर ये सवाल उठाए

शिकायतकर्ता रूद्धनारायण सिन्हा ने इस मामले में कई सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कि क्या वर्ष 2012 में जारी अनुमति वर्ष 2022 की विदेश यात्रा के लिए भी प्रभावी थी? साथ ही, क्या संबंधित अवकाश और विदेश यात्रा के लिए निर्धारित नियमों के अनुरूप आवश्यक स्वीकृति ली गई थी? इन सवालों का जवाब संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

कलेक्टर ने मांगे थे दस्तावेज

मामले में कलेक्टर दुर्ग ने जिला शिक्षा अधिकारी को विदेश यात्रा से संबंधित अर्जित अवकाश की स्वीकृति, सेवा पुस्तिका में दर्ज प्रविष्टियों और आधिकारिक अनुमति आदेश की प्रतियां प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि निर्देश जारी होने के कई महीने बाद भी आवश्यक दस्तावेजों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब जिला प्रशासन ने दस्तावेज तलब किए थे, तो उनकी जांच और मामले के निराकरण में देरी क्यों हो रही है।

तीन बार शिकायत, फिर भी विभाग मौन

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, मामले में पहली शिकायत 20 जनवरी 2025 को की गई थी। इसके बाद 29 जुलाई 2026 को कलेक्टर जनदर्शन में और फिर 2 सितंबर 2026 को शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायतकर्ता रूद्धनारायण सिन्हा के मुताबिक यह मामला केवल दो शिक्षकों की विदेश यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक आदेशों के पालन और शिकायतों के समयबद्ध निराकरण से भी जुड़ा है। अब निगाहें जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग पर हैं कि संबंधित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाती है या मामला इसी तरह लंबित रहता है। शिकायतों पर कार्रवाई में देरी के आरोपों का जवाब देना और नियमों के अनुरूप निर्णय लेना विभाग की जिम्मेदारी है।

ओए के निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में अधिकारी हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के आफिसर्स एसोसिएशन और आयुर्वेगेनिक्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर हुआ। इसमें बीएसपी के अधिकारियों, कार्मिकों ने भाग लिया।

शिविर में डां. अभिमन्यू ,डॉ. अविनाश बैस, डॉ. दामिनी साहू डॉ. यशस्वी पटेल, ने पंचकर्म परामर्श तथा डॉ. गौरव देवांगन ने सेवाएं दीं। स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, उनके प्रबंधन तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने औरस्वस्थ जीवनशैली, खानपान एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और उचित चिकित्सकीय परामर्श से बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया।ओए-बीएसपी के



महासचिव श्री अंकुर मिश्रा ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि आफिसर्स एसोसिएशन भविष्य में भी जनस्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव प्रहलाद मौर्य, जोनल प्रतिनिधि श्रवण कुमार शुक्ला व सोमेश द्विवेदी, पूर्व ओए अध्यक्ष एसआर. दास तथा रामजसपाल, श्री मानकर, डीके साहू. साहू,राजेंद्र जोशी, केके . शर्मा, पंसारी, यशवंत साहू व विकास पात्रों आदि उपस्थित थे।

जन सेवा केंद्र में बच्चों की होगी थैरेपी

भिलाई। स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र स्पीच थेरेपी सेंटर का उद्घाटन सेल के डायरेक्टर केके सिंह ईडी प्रवीण निगम व पवन कुमार ने किया। एबी श्रीनिवास, मनोज दुबे, सेफी चेयरमैन नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, सुनील कुमार जैन एस.सी. जगदाले, सीआई. भट्ट, सुनील कुमार नैय्यर, के. सरस्वती, सौमिक डे, सौभाग्य रंजन साहू, अखिलेश मिश्रा, संतोष सिंह, रेमी थॉमस, प्रहलाद मौर्य, अनु पी. वीरेन्द्र सिंह, अब्दुल शरीफ, एचएल. सोनवानी, श्रवण शुक्ला, जीपी सोनी, विनीत वर्मा, रोहित हरित उपस्थित थे। मुख्य अतिथि केके सिंह ने ओए के जनकल्याण कार्यों की सराहना की। श्री बंछोर ने बताया स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र का संचालन सेवा फाउंडेशन द्वारा बीएसपी की सीएसआर पहल तथा ओईडब्ल्यूटी के सहयोग से किया जा रहा है। केन्द्र में छह माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जाती है।

पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा, ब्लैंक कारतूस से फायरिंग कर विधि विधान से निभाई गई परंपरा, एसएसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस बार भी पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा, वाहन पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने

- प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन

विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभागीय शस्त्रों के साथ पुलिस लाइन के वाहनों एवं राजपत्रित अधिकारियों के शासकीय वाहनों की पूजा की गई। इस अवसर पर पुलिस लाइन में उपलब्ध विभागीय वाहनों एवं राजपत्रित अधिकारियों के शासकीय वाहनों का भी विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शस्त्र पूजन एवं हवन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ब्लैंक कारतूसों से औपचारिक फायरिंग की गई। शस्त्र पूजन एवं हवन के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ब्लैंक कारतूसों से औपचारिक फायरिंग की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल सहित राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।





आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया उद्घाटन


15 भाषाओं में साधकों को घर बैठे सिखाई जा रही गीता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सनातन धर्म और श्रीमद्भगवद्गीता के पावन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित गीता परिवार के लर्न गीता अभियान के 50वें स्वर्णिम बैच का भव्य शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के गीता साधकों ने भी भारी उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। स्थानीय साधक और श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से इस राष्ट्रीय उद्घाटन समारोह से जुड़े।

- दुर्ग-भिलाई के साधकों की रही सहभागिता

लर्न गीता अभियान के इस 50वें स्वर्णिम बैच का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया। यह कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव एवं गीता परिवार के संस्थापक स्वामी गोविंद देवगिरि महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस स्वर्णिम बैच के माध्यम से देशभर से एक लाख नए साधकों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



15 भाषाओं पर गीता का कराया जा रहा अध्ययन

अभियान के तहत 19 अक्टूबर से नियमित ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत साधक अपनी सुविधानुसार 15 भाषाओं और 33 अलग-अलग समय विकल्पों के माध्यम से घर बैठे पूर्णतः निःशुल्क गीता का अध्ययन कर सकेंगे। इसके पूर्व, 50 वें बैच के उपलक्ष्य में 12 अक्टूबर को अखंड गीता पारायण का आयोजन भी किया गया था, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों का 19 क्रमिक आवृत्तियों में शुद्ध संस्कृत में पारायण संपन्न हुआ।

वैश्विक स्तर पर 182 देशों में फैल रहा गीता का ज्ञान

स्वामी गोविंद देवगिरि महाराज द्वारा स्थापित गीता परिवार लर्न गीता अभियान के जरिए वैश्विक स्तर पर श्रीमद्भगवद्गीता का निःशुल्क प्रचार-प्रसार कर रहा है। वर्तमान में दुनिया के 182 देशों से लगभग 17 लाख साधक इस अभियान से जुड़कर अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में श्लोकों का अध्ययन कर रहे हैं। संस्था द्वारा बच्चों और गर्भवती माताओं के लिए भी विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाता है। भिलाई-दुर्ग के साधकों ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़कर गीता के निष्काम कर्मयोग और जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील की।

राज्योत्सव पर जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों पर होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 से 3 नवम्बर तक की रात्रि में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों स्थित सभी शासकीय भवनों पर 26 वर्षों की विकास यात्रा की थीम को प्रदर्शित करते हुए रोशन की जाए। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों में रोशनी व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित शासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

शासन के निर्देशानुसार सर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा 1 से 3 नवम्बर तक रात्रि में संबंधित कार्यालय/शासकीय भवनों में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था किया जाएगा।

अब तक नहीं खरीदी जा सकी एक्सरे फिल्म, लौटाए जा रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हाथ-पैर में चोट, फ्रैक्चर की आशंका या दुर्घटना में घायल होने के बाद एक्सरे कराने जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। टीबी मरीजों का भी चेस्ट का एक्सरे नहीं हो पा रहा है। जबकि टीबी मरीजों का तत्काल एक्सरे करना है ताकि बीमारी की पुष्टि हो सके और उनका इलाज संक्रमण बढ़ने से पहले किया जा सके। हाल यह है कि किसी मरीज को जांच के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर जाना पड़ रहा है, तो किसी को एक्सरे के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि सरकारी अस्पताल में कम खर्च या निःशुल्क मिलने वाली जांच के लिए अब उन्हें अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। दुर्ग जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म पिछले 13 दिनों से खत्म हो गई है। अस्पताल प्रबंधन ने सीजीएमएससी से फिल्म खरीदी की अनुमति ली है और परचेस आर्डर भी दे दिया है लेकिन फिल्म की आपूर्ति नहीं हो पाई है। एक्सरे फिल्म की कमी का खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जो सस्ता और सुलभ इलाज मिलने की उम्मीद में जिला अस्पताल पहुंचते हैं। प्रभावित मरीज बताते हैं कि सरकारी अस्पताल में जरूरी जांच की सुविधा नहीं मिलने से मरीजों को निजी सेंटरों में पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जब जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में ही जरूरी जांच सामग्री उपलब्ध नहीं है, तो गरीब मरीजों को राहत कैसे मिलेगी।

खबर संक्षेप



अष्टमी पर किया भंडारे का आयोजन

उतई। नवरात्रि अष्टमी पर महिमा हॉस्पिटल परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मरीजों और क्षेत्रवासियों के लिए प्रसाद वितरण किया गया।

चुनाव आयोग पर आरोपों के साक्ष्य रखें बघेल : हर्षा

सेलूद। भाजपा जिला दुर्ग की उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कड़े राजनीतिक सवाल उठाए हैं। उन्होंने



कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथित वोट चोरी को लेकर पाटन में रैली निकालकर जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं, जबकि स्वयं उनके ऊपर पाटन विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रचार समाप्त होने के बाद लागू 48 घंटे की मौन अवधि में लाव-लश्कर और समर्थकों के साथ प्रचार करने का गंभीर आरोप हाईकोर्ट की चुनाव याचिका में लगा हुआ है। इस मामले को शुरुआती स्तर पर खत्म करने के प्रयास को सुप्रीम कोर्ट ने 28 सितंबर 2026 को स्वीकार नहीं किया था और उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर मामले को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मांग की कि भूपेश बघेल यदि चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं, तो पहले उन्हें अपने ऊपर चल रहे कानूनी मामलों पर जवाब देना चाहिए और भ्रामक राजनीतिक बयानबाजी से बचना चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान का समापन



जामुल। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय, जामुल में सेवा संकल्प अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा, मानवीय संवेदना, परोपकार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर.एस. सिंह ने की तथा संचालन डॉ. रमेश कुमार मेश्राम ने किया। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप, गजेंद्र कश्यप, डॉ. संजय परगनिहा, डॉ. रचना चौधरी, पी. हेमा राव, डॉ. सुषमा यादव सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कौशल विकास ही वर्तमान में रोजगार की प्राथमिक कुंजी

उतई। शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई में स्नातक पंचम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए छह दिवसीय विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। महाविद्यालय के 'ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल' द्वारा प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन तथा नंदी फाउंडेशन के ट्रेनर प्रतीक के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था।

जसगीत की थाप पर झूमे भक्त, विसर्जन के साथ दी भावुक विदाई

दुर्ग ग्रामीण की गलियों में गूंजे जसगीत गांव के भ्रमण पर निकलीं माता रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के अंडा सहित अन्य गांवों में इन दिनों माता रानी की भक्ति का माहौल है। नवरात्रि के समापन और विसर्जन से पहले माता रानी की प्रतिमाओं को गांव की गलियों में भ्रमण कराया जा रहा है। इस दौरान महिला, पुरुष, युवा और बच्चे पूरी श्रद्धा के साथ माता रानी के दर्शन कर रहे हैं। जसगीत और जयकारों से गांवों का पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परंपरा के अनुसार माता रानी के गांव भ्रमण के दौरान श्रद्धालु अपने घरों के सामने उनकी अगवानी कर रहे हैं। महिलाएं आरती उतारकर पूजा-अर्चना कर रही हैं और भोग अर्पित कर रही हैं। कई स्थानों पर श्रद्धालु परंपरानुसार माता रानी के चरण पखारकर अपनी गहरी आस्था प्रकट कर रहे हैं। गांव की गलियों में जसगीत मंडलियों द्वारा माता की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। वहीं, धुमाल और ताशे की थाप पर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए माता रानी के साथ चल रहे हैं। यह जीवंत परंपरा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था को खूबसूरती से दर्शाती है। गांव भ्रमण और श्रद्धालुओं को दर्शन देने के बाद परंपरा के अनुसार माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालु नम आंखों से माता रानी को विदाई देकर अगले वर्ष फिर से आने की कामना करेंगे। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत कर रही है।

माता रानी के चरण पखारकर दिखाई आस्था



भक्तों ने मां को दी विदाई

जामगांव आर। धूमधाम से मां दुर्गा उत्सव मनाने के बाद मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन यात्रा नगर की गलियों में निकली। भक्तों ने घर के सामने पहुंचते ही श्री फल, धूप, दीप कर प्रणाम कर विदाई दिए। विसर्जन यात्रा गाजे बाजे पूर्ण भक्ति भाव के साथ लोगों की भीड़ चलती रही। सेवा भजन की ताल ने मन को भक्ति में मस्त रखा। ओज भरे जयकारा के साथ देवी गीत ढोल ने दूर दूर तक लोगो को लुभाती रही।



जोत जंवारा विसर्जन के लिए निकाली शोभायात्रा

नंदकठी। ग्राम नंदकठी के हनुमान मंदिर महामाया में 139, मां शीतला मंदिर में 64, मां चंडिका मंदिर में 41 एवं ग्राम के 01 ज्योत जंवारा विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान मंदिर महामाया से शोभायात्रा निकालकर बावली चौक , होते हुए मां चंडिका मंदिर पहुंची, वहां से निकालकर मां शीतला मंदिर पहुंची। ग्राम के हनुमान मंदिर के मां महामाया समिति के सदस्यगण, मां चंडिका मंदिर के सदस्य गण, सहित सैकडों की संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।



2601 ज्योति कलशों की दिव्य रोशनी से जगमगाया मां महामाया मंदिर

कुम्हारी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान कुम्हारी स्थित प्राचीन मां महामाया मंदिर में आस्था और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला. मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना के 2601 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए थे। वहीं



शीतला मंदिर में 126 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए थे। इन ज्योति कलशों की दिव्य रोशनी से पूरा मंदिर परिसर आलोकित और भक्तिमय हो उठा था। इस मंदिर के प्रति स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी श्रद्धालुओं की भी गहरी और अटूट आस्था है। मां महामाया ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने शारदीय नवरात्रि के सफल समापन पर समस्त श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां महामाया मंदिर लंबे समय से क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। ट्रस्टी अशोक दीवान ने बताया कि इस वर्ष मंदिर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा विभिन्न सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 15 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित किए गए।



विद्युत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

रांका वितरण केंद्र में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रांका वितरण केंद्र में निरीक्षण के साथ विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें रांका वितरण केंद्र एवं बेमेतरा उपसंभाग में पदस्थ लाइन स्टाफ को विद्युत लाइनों पर कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाकर विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने और शून्य विद्युत दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान डिस्चार्ज रॉड, सुरक्षा दस्ताने, डीओ ऑपरेटिंग रॉड और सेफ्टी बेल्ट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग एवं रखरखाव की बारीकियां समझाई गईं। लाइन स्टाफ को बताया गया कि विद्युत लाइन पर काम करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। इससे कर्मचारी स्वयं के साथ अपने सहकर्मियों और आम लोगों को भी विद्युत दुर्घटनाओं से सुरक्षित रख सकते हैं। इस दौरान सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से अपनाने और कार्यस्थल पर सतर्कता बरतने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एस. मनोज, अधीक्षण अभियंता आर. श्रीवास्तव, दुर्ग के कार्यपालन अभियंता (विजिलेंस) के.के. श्रीवास, सहायक अभियंता (विजिलेंस) गोपाल साहू, बेमेतरा उपसंभाग के सहायक अभियंता गुलाब साहू, बेमेतरा ग्रामीण वितरण केंद्र की कनिष्ठ अभियंता दामिनी ठाकुर, बेमेतरा शहर वितरण केंद्र के मनीष जोशी तथा रांका एवं बालसमुंद वितरण केंद्र के अभितोष घोष उपस्थित रहे।

- लाइन स्टाफ को सुरक्षा उपकरणों के सही इस्तेमाल और रखरखाव का दिया प्रशिक्षण

पांच दशकों से जीवंत है दुर्गा उत्सव की परंपरा लोक संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर में दुर्गा उत्सव की परंपरा करीब पांच दशक पुरानी है। लोक संस्कृति कर्मी एवं जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा के अनुसार, वर्ष 1970 के आसपास तत्कालीन साजा ग्राम के बाजार चौक में दुर्गा उत्सव की शुरुआत हुई थी। आज यह आयोजन नगर के बाजार चौक, भरतपुर, भाटापारा और कुर्मीपारा तक विस्तारित हो चुका है।

उत्सव के आयोजन में युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दानदाताओं और महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मोहल्लों में धार्मिक आस्था के साथ दुर्गा पूजा की जाती है। आयोजन के दौरान स्थानीय जस गीत मंडलियों के गायन के साथ प्रसिद्ध लोक कला मंडलियों को भी आमंत्रित किया जाता है। विसर्जन झांकी नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती है, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह और सांस्कृतिक अनुशासन देखने को मिलता है। इन आयोजनों से साजा में धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ लोक संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है।





साजा में परंपरागत रावण वध, आतिशबाजी ने मोहा मन

साजा। नगर पंचायत साजा के नवीन बाजार में विजयादशमी पर पारंपरिक रावण वध उत्सव धूमधाम से मनाया गया। लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा के अनुसार, यह परंपरा करीब डेढ़ से दो सौ वर्षों से चली आ रही है। श्रीराम मंदिर से देव निशान और फूलडोल के साथ शोभायात्रा निकाली गई।



रामलीला के संवादों के बाद रावण वध और पुतला दहन हुआ। इस वर्ष शिक्षक नरेश साहू ने रावण तथा आत्माराम साहू ने अंगद की भूमिका निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा और पार्षदों के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। आतिशबाजी देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। देर रात तक पुरानिक साहू के निर्देशन में 'लहर गंगा' लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसकी दर्शकों ने सराहना की।



संयुक्त जिला कार्यालय के 100 मीटर दायरे में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

बेमेतरा। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने परिसर के 100 मीटर के दायरे में धरना, जुलूस, आमसभा और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी यह आदेश 20 अक्टूबर से 18 दिसंबर 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में खाद्य शाखा, आदिवासी विकास, कृषि, आबकारी, खनिज सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित हैं। यहां प्रतिदिन दिव्यांगजन, वृद्धजन, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने शासकीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर के आसपास धरना, जुलूस और प्रदर्शन होने से शासकीय कामकाज प्रभावित होने के साथ ही आम लोगों को भी असुविधा होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर भी रोक

आदेश के तहत संयुक्त जिला कार्यालय के 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दायरे में धरना, जुलूस, आमसभा और प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ड्यूटी पर तैनात पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को विस्फोटक, अस्त्र-शस्त्र या धारदार हथियार लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, धार्मिक परंपरा के तहत धारण की जाने वाली कृपाण को छूट दी गई है।

सभा-रैली के लिए लिखित अनुमति जरूरी

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी सभा, रैली या जुलूस के आयोजन के लिए जिला दंडाधिकारी कार्यालय से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आवेदन में आयोजन का स्थान, दिनांक और समय का पूरा विवरण देना होगा। वहीं, लाउडस्पीकर अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। यह प्रतिबंध सभी राजनीतिक दलों, संगठनों, संघों और आम नागरिकों पर लागू रहेगा। जिला प्रशासन ने लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से आदेश एकपक्षीय रूप से तत्काल प्रभाव से जारी किया है। आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जामुल कॉलेज में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का भराया गया फॉर्म-6

जामुल। शासकीय महाविद्यालय जामुल में प्राचार्य डॉ. आर.एस. सिंह के निर्देशन में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फॉर्म-6 भरवाया गया। ईएलसी संयोजक डॉ. रमेश कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डॉ. शशि कश्यप, गजेंद्र कश्यप, डॉ. संजय परगनिहा, डॉ. रचना चौधरी, पी. हेमा राव, भुवनेश्वर साहू एवं डॉ. सुषमा यादव सहित प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि एक सजग और जागरूक युवा मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है।

- शासकीय महाविद्यालय जामुल में मतदाता पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित

नवरात्रि पर जंजगिरी में कविताओं से सजा मां का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नवयुवक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार पारा जंजगिरी के अध्यक्ष दुर्गेश निषाद ने बताया कि शारदीय नवरात्रि ,और डॉ लोकनाथ देशमुख के सुपुत्र दुर्लभ देशमुख के प्रथम जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य विषय कविता मन की आवाज है, शब्दों से सजता है समाज रखा गया है।

कवि सम्मेलन में दुर्ग संभाग के ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें डॉ. संजय दानी दुर्ग ने युवाओं के पाश्चात्य सभ्यता की ओर



बढ़ते कदम पर व्यंग किया तो , कैलाश साहू कुंवारा बम्हनी,ने प्रेम की प्रतिमूर्ति मां जगत जननी को अपनी कविता समर्पित किया गजपति राम साहू कोड़ेवा सिकोसा जी ने छत्तीशगढ़ के देवार गीत में आमा अमली के बिहाव ,और हास्य व्यंग से लोगो का दिल जीत लिया, योगेश छत्तीसगढ़िया अर्जुनी, अपनी रचनाओं में हास्य व्यंग से दर्शक दीर्घा को सराबोर कर दिया, शिवा देशमुख भेड़ी जी ने समाज में फैले कुरीतियों पर प्रहार करते हुए गीत प्रस्तुत ,किया प्यारे लाल देशमुख निकुम ने हास्य व्यंग गीतों से शमा बांधा वही, दिनेश्वर चंद्राकर विनायकपुर एवं चंद्रिका प्रसाद देशमुख जंजगिरी ने वीर रस की कविताओं से समाज को संदेश देते हुए कविताओं से कवि सम्मेलन को गति प्रदान की। दुर्गा उत्सव समिति ने सभी अतिथि कवियों सहित भवतारिणी मानस परिवार प्रमुख श्री चंद्रिका देवदास, पूजा मानस परिवार प्रमुख श्री कोमल सिंह हिरवानी , हीरामन देशमुख , आनंद देशमुख सहित सभी सहयोगी साथियों का आभार व्यक्त किया।

पेज 9 के शेष

उद्योग के धुएं से ...

से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां हर साल अलग-अलग क्षेत्रों से प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इन पक्षियों का जीवन केवल उस तालाब या जलाशय तक सीमित नहीं रहता, जहां वे ठहरते हैं। भोजन की तलाश में वे आसपास के खेतों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों तक जाते हैं। रोशन वर्मा ने अपने पत्र में बताया है कि प्रवासी पक्षी भोजन की तलाश में 5 से 10 किलोमीटर तक के दायरे में विचरण करते हैं। ऐसे में मुड़पार स्थित इस्पात उद्योग से निकलने वाले धुएं को लेकर यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं इसका प्रभाव पक्षियों के प्राकृतिक आवास और उनके भोजन-पानी की उपलब्धता पर न पड़े।

भोजन और पानी पर असर ...

यदि समय रहते इस मामले की जांच नहीं हुई और प्रदूषण का प्रभाव पक्षियों के अनुकूल वातावरण पर पड़ा, तो भविष्य में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। इससे गिधवा-परसदा पक्षी विहार की पहचान को नुकसान पहुंचने की आशंका है। हालांकि, उद्योग के धुएं से पक्षियों को वास्तविक नुकसान हो रहा है या नहीं, यह विशेषज्ञों की जांच और वैज्ञानिक अध्ययन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल स्थानीय स्तर पर उठ रही चिंताओं ने इस मुद्दे को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ दिया है।

एक दर्जन से अधिक ...

की मांग है कि विकास और औद्योगिक गतिविधियों के साथ पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उद्योग से होने वाले संभावित प्रदूषण को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब जांच और संबंधित विभागों की रिपोर्ट के आधार पर सामने आना चाहिए।

बस स्टैंड पर धारदार ...

लोहे का एक धारदार एवं आरीदार हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने हथियार जब्त कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 27 भी जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी को 21 अक्टूबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रधान आरक्षक खुलेश्वर गायकवाड़, संजय भगत तथा आरक्षक आकाश सिंह, प्रताप सिंह यादव, अजय गोयल और कमलेश ध्रुव सहित थाना नांदघाट के पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

सहसपुर में ...

दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग निकले, जबकि चार लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में जितेन्द्र मरार (37), पिता तिरिथ राम मरार, कमलेश साहू (48), पिता मानसिंग साहू, दयादास साहू (30), पिता रामकुमार साहू और तोरण साहू (42), पिता मनहरण लाल साहू शामिल हैं। सभी ग्राम सहसपुर के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से नगदी रकम, मोबाइल फोन और ताश की पत्तियां जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अलील चंद, चौकी प्रभारी देवकर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक निधि गुप्ता, आरक्षक मुकेश पाल, मोहित देवांगन, दीनदयाल डहरिया सहित चौकी देवकर के पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



खबर संक्षेप



गरबा से लौट रही युवती को कार ने मारी टक्कर, मौत

भिलाई। टाउनशिप फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग सेक्टर 5 में स्कूटी सवार युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि तालपुरी बी ब्लाक कालोनी निवासी अक्षिता अवचट अपने दोस्त आयुष कुमार के साथ स्कूटी में गरबा खेलकर लौट रही थी। तभी सेक्टर-5 प्लांट के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 07 सीएच 2321 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में युवती अक्षिता और युवक आयुष को गंभीर रूप से चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां सेक्टर 9 अस्पताल में रात करीब 3 बजे अक्षिता की मौत हो गई। घटने में घायल युवक का उपचार जारी है। युवक युवती तालपुरी में गरबा खेलने के बाद स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग से गुजर रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया।हादसा इतना जोरदार था कि स्कूटी सवार युवक और युवती उछलकर दूर जा गिरे। उसे सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रात करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। वहीं, आयुष का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

बाइक की ठोकर से सब्जी बेचने वाले की हुई मौत

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक ने सब्जी बेचने वाले को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सब्जी बेचने वाले की मौत हो गई। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि 32 बंगला चौक के पास 18 अक्टूबर की रात तेज रफ्तार पल्सर बाइक की टक्कर से सब्जी बेचने वाले बसंत की मौत हो गई। हादसे में उनके दो दोस्त विनोद सागर, राजेंद्र ध्रुव घायल हो गए। टक्कर मारने वाला पल्सर सवार भी घटना में चोटिल हुआ। सभी घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बसंत की मौत हो गई। बसंत अपने दोस्त विनोद ,राजेंद्र ध्रुव के साथ सीजी 07 एलबी 9389) से घर लौट रहे थे। तभी पल्सर बाइक (सीजी 07 बीएल 3209) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

अब तक नहीं खरीदी जा सकी एक्सरे फिल्म, लौटाए जा रहे हैं मरीज

भिलाई। हाथ-पैर में चोट, फ्रैक्चर की आशंका या दुर्घटना में घायल होने के बाद एक्सरे कराने जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। टीबी मरीजों का भी चेस्ट का एक्सरे नहीं हो पा रहा है। जबकि टीबी मरीजों का तत्काल एक्सरे करना है ताकि बीमारी की पुष्टि हो सके और उनका इलाज संक्रमण बढ़ने से पहले किया जा सके। हाल यह है कि किसी मरीज को जांच के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर जाना पड़ रहा है, तो किसी को एक्सरे के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है।

आयोजन : कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल रहे मुख्य अतिथि; देर रात तक छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

नवागढ़ में श्रीराम की लीला के बाद गूंजा जय श्रीराम रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर नगर पंचायत नवागढ़ का बस स्टैंड भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। सार्वजनिक मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मनमोहक मंचन किया गया। इसके बाद विधि-विधान के साथ रावण दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही उपस्थित जनसमूह ने धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उत्सव में अंचल के हजारों नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। धार्मिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर यह कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। दशहरा उत्सव के दौरान भगवान श्रीराम की लीलाओं का सुंदर मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, धर्म के प्रति उनकी निष्ठा और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसके पश्चात रावण दहन की परंपरा विधि-विधान और उत्साह के साथ पूरी की गई। रावण दहन के दौरान पूरा परिसर उत्सवी माहौल से भर उठा। लोगों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और पर्व की खुशियां साझा कीं।

- बस स्टैंड में सार्वजनिक मां दुर्गा उत्सव समिति ने किया भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन



भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश : बघेल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, अन्याय और बुराइयों को समाप्त करने का भी अवसर है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण विद्वान और शक्तिशाली होने के बावजूद अपने अहंकार के कारण पराजित हुआ, जबकि भगवान श्रीराम ने सत्य और मर्यादा के बल पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि समाज में सद्भाव, आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराते हैं।

देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, उमड़ी भीड़

धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहा। छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकारों ने देर रात तक अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। गीत-संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों का आनंद लेने के लिए नवागढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्साह का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल पदाधिकारी, सार्वजनिक मां दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को स्मरण करते हुए विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सार्वजनिक मां दुर्गा उत्सव समिति के आयोजन ने नवागढ़ में धार्मिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता की झलक प्रस्तुत की।

देवकर में धूमधाम से हुआ रावण दहन, राम रावण की नाटकीय प्रस्तुति ने मोहा मन

देवकर। नगर पंचायत देवकर में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में नगरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की नाटकीय प्रस्तुति रही। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस नाटकीय प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं, रावण दहन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी की रंगारंग प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। छत्तीसगढ़ की लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं से सजी प्रस्तुतियों का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दशहरा उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सीहोरे , उत्सव समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुंजाम, धनी देवांगन, मुजीत बेग, मन्नू चक्रधारी, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल, पार्षदगण देवेश गुप्ता, सुरेश सिन्हा, माखन निषाद एवं मोहन सिन्हा, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बुधारू साहू, एल्डरमैन राकेश पाण्डेय एवं बद्री सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्सव समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुंजाम ने किया, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सीहोरे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



मधु रॉय ने दशहरा पर विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से की आत्मीय मुलाकात

नवागढ़। यह क्षेत्र मेरा घर है, मैं आपके बीच किसी अतिथि की तरह नहीं, बल्कि आपकी बेटी बनकर आती हूं। मुझे कभी अतिथि मत समझिए, मैं आपके सुख-दुख में हमेशा आपके साथ खड़ी हूं। विजयादशमी के अवसर पर क्षेत्रीय जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने ग्रामीणों के बीच ये भावनात्मक बातें कहीं। उन्होंने कहा कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में चुनौतियां कठिन जरूर हैं, लेकिन क्षेत्र के विकास और जनता के हितों के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करती रहेंगी।

दशहरे के अवसर पर मधु रॉय ने विभिन्न गांवों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण सहित राम दरबार की आरती उतारी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। ग्राम झाल में दशहरा उत्सव के दौरान राम-रावण संवाद का मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों का मंचन कर दर्शकों को आकर्षित किया। मधु रॉय भी इस आयोजन में शामिल हुईं और राम दरबार की आरती उतारकर ग्रामीणों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

प्रतापपुर में राम-लक्ष्मण की झांकी का ग्राम भ्रमण हुआ। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के स्वरूपों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। रॉय ने राम दरबार की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना की। ग्राम गोपालभैना और तोरा में दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित जागरण कार्यक्रमों में मधु रॉय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। रावण दहन के दौरान ग्राम झाल की सरपंच खेमकली साहू, तुसली साहू, दिलीप साहू, कपिल साहू, तिलक साहू, सूरजु साहू, भुनेश साहू, जगदीश साहू, कौशल साहू, सुरेश साहू, नरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, मनोज साहू, सोनू साहू, जोहित साहू, बद्री साहू, अश्वनी साहू, राजा साहू, डोमन साहू, करन साहू, गजोहन साहू, दुजराम साहू, धनंजय साहू, छोटू साहू, परमेश्वर साहू, विष्णु साहू, ताम्रध्वज साहू, प्रभु साहू, विक्की साहू, राजेश साहू, योगेंद्र साहू और सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



मनियारी में श्रद्धा व उत्साह के साथ निकली जंवारा विसर्जन शोभायात्रा



बेरला। बेरला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन बहुत ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। दशमी तिथि के अवसर पर माँ दुर्गा की आराधना के प्रतीक जंवारा एवं अखंड ज्योति का पूरे गांव की गलियों का भ्रमण कराया गया, जिसके पश्चात विधि-विधान से तालाब में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान सेवक और ग्रामीणजन जस गीत, सेवा गीत गाते और माँ जगदंबा के जयकारे लगाते हुए आगे-आगे चल रहे थे। ढोलक मंजीरे के थाप पर चले आबे भवानी अंगना मा मोर, नींबूआ के डारा में झूलत हावे झूलना, तोर जवारा दाई चम-चम चमकत हावे ओ। जैसे जसगीत गाते हुए श्रद्धालु तालाब की ओर बढ़ते हुए मां महामाया, शीतला मैय्या, दुर्गा माता, अम्बे माता की जयकारे लगाते गए। हाथों में सेवा की सामग्री और सिर पर आस्था की ज्योत व जंवारा धारण किए श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए। पूरा ग्रामीण अंचल माता के जयकारों से भक्तिमय हो उठा।

देवी-देवालयों के दर्शन और आस्था का अनोखा दृश्य

जंवारा यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्थानीय सभी देवी-देवालयों तक पहुंची। मंदिर परिसरों में पूजा-अर्चना के साथ ही भक्तों ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान कई श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव में दंडवत प्रणाम कर अपनी अगाध आस्था प्रकट की। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। गांव की गलियों का भ्रमण के पश्चात जंवारा और अखंड ज्योत को गांव के मुख्य तालाब ले जाया गया। वहां बैगा-पुजारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जंवारा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के साथ ही नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्रि के इस पावन पर्व का शांतिपूर्ण और भव्य समापन हुआ।

सांगदेव की झांकी के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

थान खम्हरिया। शारदीय नवरात्रि की अवसान तथा विजयदशमी मनाने के पश्चात आज नगर मे सुबह से देर शाम तक दुर्गा विसर्जन का दौर चलता रहा नगर मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांगदेव की वृहंगम झाँकी मे करीब दो दर्जन से अधिक लोगो ने बांना लिये शोभायात्रा मे शामिल हुए जिसे देखने आस्था का सैलाब उमड पडा। जस गीतो व डीजे पर नृत्य करते व झूमते भक्तो की टोलीयो ने आज मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी।नगर के सभी चौक चौराहो व विभिन्न पंडालो मे विराजित मां दुर्गा प्रतिमा का आज डीजे,धूमाल व जसगीतो के बीच विधि विधान से तालाबो व नदी मे विसर्जित कर दिया गया। राष्ट्रीय दुर्गात्सव समिति,मारवाडी दुर्गात्सव समिति,शुभ लाभ दुर्गात्सव समिति,नव दुर्गोत्सव समिति सहित यादव,कुंभकार,केवट मोहल्ले शीतला मंदिर मे स्थापित मा दुर्गा की प्रतिमाएं सुबह से शाम तक बारी बारी से झांकी के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गयी जिसमे महिला,बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए,आज विसर्जन झांकी देखने नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से श्रृद्धालुओ की भीड पहूंची थी,भीड को नियंत्रित करने पुलिस प्रशसान भी मुस्तैदी के साथ लगी हुई थी वही मुख्य मार्ग मे विसर्जन झाँकी के नाम से आज पूरी तरह से जाम थी सभी वाहनो को बायपास की ओर डायवर्ड किया गया था।इस दिन तक चली भक्ति भाव की बयार आज मां दुर्गा की प्रतिमाओ के विसर्जन के साथ ही समाप्त हो गयी नगरवासियों ने आज पूरी आस्था व श्रृद्धा भक्ति से ओतप्रोत होकर नम आंखो से मां दुर्गा को विदा किया नगर मे चुस्त व्यवस्था के बीच शांति प्रिय तरीके से विसर्जन का कार्य संपन्न हो गया।



रेवे में 50-55 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन, मड़ई मेले में उमड़ा जनसैलाब

बेरला। शारदीय नवरात्रि के भव्य समापन के साथ ही बेरला अंचल में विजयादशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास और पारंपरिक मड़ई मेले के आयोजन के साथ मनाया गया। ब्लॉक के ग्राम पंचायत रेवे एवं ग्राम मोहभट्टा में विजयादशमी के अवसर पर भव्य मड़ई मेले का आयोजन किया गया, जहाँ असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व पारंपरिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण रावण दहन देखने तथा मेले का आनंद लेने पहुँचे, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। पूर्व बेमेतरा विधायक व भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल के गृह ग्राम रेवे में इस वर्ष विजयादशमी पर एक ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। यहाँ पूरे बेरला ब्लॉक क्षेत्र की सबसे विशालकाय, लगभग 50 से 55 फीट ऊँची रावण की प्रतिमा स्थापित की गई। गगनचुंबी रावण का यह पुतला पूरे क्षेत्र में आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। विशालकाय रावण दहन का भव्य दृश्य देखने के लिए मैदान में शाम से ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

- विजयादशमी पर दिखा अभूतपूर्व उत्साह

झूलों, स्टॉलों और बाजारों ने बढ़ाई मेले की रौनक

दशहरा व मड़ई मेले के इस खास अवसर पर मेला स्थल की रौनक देखते ही बन रही थी। विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्रामीणों व दर्शकों के मनोरंजन तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेला परिसर में रामलीला का मंचन और मनमोहक छत्तीसगढ़ी नाच (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन किया गया, जिसका दर्शकों ने पूरी रात लुत्फ उठाया। इन पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उत्सव की आबो-हवा में भक्ति और उत्साह का अनोखा रंग घोल दिया। इस आयोजन पर ग्राम पंचायत रेवे के सरपंच, जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ अध्यक्ष व प्रदेश सरपंच संघ उपाध्यक्ष रघुबीर पिंटू सिन्हा ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के विशेष सहयोग से ही इतना भव्य और ऐतिहासिक आयोजन संभव हो सका है।

श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें: तिवारी

कंडरका, गोंडगिरी और कुसमी में रामलीला कार्यक्रमों में शामिल हुए योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विजयादशमी के अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ग्राम कंडरका, ग्राम गोंडगिरी और नगर पंचायत कुसमी में आयोजित दशहरा एवं रामलीला कार्यक्रमों में शामिल हुए।

उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश देते हुए कहा कि विजयादशमी केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर भी है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं नगरवासियों से मुलाकात कर सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और धर्म का साथ देने, परिवार के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा समाज में न्याय और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। यदि हम अपने आचरण में ईमानदारी, विनम्रता और सेवा भावना को अपनाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों और नगरों में आयोजित रामलीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों तथा त्याग, मर्यादा और कर्तव्यपरायणता जैसे मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ विभिन्न वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाते हैं। योगेश तिवारी ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि त्योहारों की सार्थकता समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्राम कंडरका, ग्राम गोंडगिरी और नगर पंचायत कुसमी के नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने आशा जताई कि विजयादशमी सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करेगी तथा समाज में सद्भाव और एकता को और मजबूत बनाएगी।



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिया, सरपंच राहुल यदु, दशरथ यदु, हिमेश यदु, घनश्याम निषाद, रूपराम यदु, दिनेश यदु, रामजी यादव, संदीप यदु, पवन यदु, दुर्गेश यदु, नवीन यदु, नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, राधेश्याम देवांगन, समीर साहू, देवकुमार साहू, रामनाथ साहू, नंदकिशोर साहू, शंकर साहू, मोतीराम साहू, रेखा पोषण सिन्हा, मुनि सुमन पाटिल, अलख पाटिल, दुर्गेश वर्मा, यशवंत वर्मा, एन. प्रकाश साहू, मुकेश वर्मा और ईश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

